दैनिक जागरण लखनऊ ............ दिनांक ........

# प्रतिभा को तराश कर जीविकोपार्जन का बनाएं साधन : संजय भूसरेड्डी



शनिवार को कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरित करते अपर मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना तथा आबकारी संजय आर भूसरेड्डी • सूचना विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : इंडिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष एवं चीनी व गन्ना तथा आबकारी विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी ने कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों से कहा कि सबके अंदर कोई न कोई प्रतिभा जरूर होती है। इसे तराश कर अपने जीविकोपार्जन का साधन बनाना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रमाण पत्र प्राप्त कर आप यहीं न रुके आगे के लेवल को भी प्राप्त करें, जिसे आपके कौशल में और निखार आ सके।

इंडिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद 220 प्रशिक्षणार्थियों को शनिवार को प्रमाण पत्र व टूल किट प्रदान की गई।

त्र का नाम ........ दै० स्वतंत्र भारत, लखनऊ

# प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर होता है एक हुनर : संजय भूसरेड्डी

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। इंडिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवाहन निगम तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में इंडिया लिटरेसी बोर्ड द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान-लखनऊ द्वारा यूपीपीसीएल एवं यूपीएसआरटीसी कार्यशालाओं में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 220 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट गंन्ना संस्थान सभागार, डालीबाग-लखनऊ में वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव, चीनी एवं गन्ना तथा आबकारी एवं अवैतनिक अध्यक्ष इण्डिया लिटरेसी बोर्ड ने प्रतिभागियों से कहा कि आप सब के अन्दर कोई न कोई एक हुनर अवश्य है, जिसे हम स्वयं पहचान कर एवं उसे तरास कर अपनी जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय में प्रयोग कर सकतें हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर आप यहीं न रूकें बल्कि आगे के लेवल को भी प्राप्त करें, जिसे आपके कौशल में और निखार आ सके। अध्यक्ष, उ.प्र. पावर कारपोरेशन एम.देवराज ने यूपीपीसीएल के लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरित करते हुए आवाहन किया कि कौशल के साथ तकनीकी ज्ञान की आज के वातावरण में नितान्त आवश्यकता है। विद्युत के कार्यो को करते समय सुरक्षा, आकस्मिक दुर्घटना, प्राथमिक चिकित्सा तथा उपभोक्ता से संवाद भी अपने आप में एक स्किल है। आज यूपीपीसीएल द्वारा सुदूर ग्रामिण अचंलो से लेकर मैट्रो सिटी तक विद्युत वितरित की जा रही है।

दै0 स्वतंत्र चेतना, लखनऊ 04 JUN
पत्र का नाम ........................ दिनांक ........

# प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर एक हुनर होता है आवश्यकता है उसे तराश कर आजीविका में ढालने की:संजय आर. भूसरेड्डी

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। इण्डिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवाहन निगम तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सयुक्त तत्वाधान में इण्डिया लिटरेसी बोर्ड द्वारा संचालित जन शिक्षणसंस्थान-लखनऊ (प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा यूपीपीसीएल एवं यूपीएसआरटीसी कार्यशालाओं में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 220 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट गंन्ना संस्थान सभागार, डालीबाग-लखनऊ में वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय आर. भूसरेड्डी, अपर मुख्य सचिव, चीनी एवं गन्ना तथा आबकारी एवं अवैतनिक अध्यक्ष इण्डिया लिटरेसी बोर्ड ने प्रतिभागियों से कहा कि आप सब के अन्दर कोई न कोई एक हुनर अवश्य है, जिसे हम स्वयं पहचान कर एवं उसे तरास कर अपनी जीविकोर्पाजन एवं व्यवसाय में प्रयोग कर सकतें हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर आप यहीं न रूकें बल्कि आगे के लेवल को भी प्राप्त करें, जिसे आपके कौशल में और निखार आ सके। अध्यक्ष, उ.प्र. पावर कारपोरेशन एम.देवराज ने यूपीपीसीएल के लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरित करते हुए आवाहन किया कि कौशल के साथ तकनीकी ज्ञान की आज के वातावरण में नितान्त आवश्यकता है। विद्युत के कार्यो को करते समय सुरक्षा, आकस्मिक दुर्घटना, प्राथमिक चिकित्सा तथा उपभोक्ता से सम्वाद भी अपने आप में एक स्किल है। आज यूपीपीसीएल द्वारा सुदूर ग्रामिण अचंलो से लेकर मैट्रो सिटी तक विद्युत वितरित की जा रही है। ऐसे में स्वयं सहायता समूहों से लेकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की कई मशीनरी कार्य कर रहीं है, जिससे आउटसोर्सिगं के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। आज ऐसे ही कुछ यूवाओं को इण्डिया लिटरेसी बोर्ड की इकाई जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सराहनीय है।

निदेशक इण्डिया लिटरेसी बोर्ड संन्ध्या तिवारी, आई.ए.एस. (से.नि.) ने उपस्थित अतिथियों एवं अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जी-20 जन भागेदारी अभियान के अर्न्तगत 01 जून से 15 जून, 2023 तक विभिन्न कार्यक्रमों को मनाया जा रहा हैद्य ऐसे में हम सब के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। इण्डिया लिटरेसी बोर्ड एवं इसकी इकाई जन शिक्षण संस्थान द्वारा आगे भी एन.एस.क्यू.एफ. लेवल-3 या इससे ऊपर के प्रमाण पत्रों हेतु सभी लाभार्थियों का मार्गदर्शन करेगी। सुश्री तिवारी ने उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के उपरान्त आप अवश्य ही अपने जीवन को और समृद्ध बना सकेंगे।

निदेशक, जन शिक्षण संस्थान सौरभ कुमार खरे ने उपस्थिति अतिथियों एवं लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगे भी और प्रयास किये जाने की बात कही।। इस अवसर पर यूपीएसआरटीसी के 120 एवं यूपीपीसीएल के 100 लाभार्थियों सहित इण्डिया लिटरेसी बोर्ड के सलाहकार प्रवीन टण्डन, अनूप कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी सुधाकर मान सिंह सहित जन शिक्षण संस्थान के समस्त कार्यकतार्यो ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

# हर व्यक्ति के हुनर को तराशने की आवश्यकता : भूसरेड्डी

## यूपीएसआरटीसी एवं यूपीपीसीएल के लाभार्थियों को वितरित किये गये कौशल प्रमाण पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। इण्डिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवाहन निगम तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सयुक्त तत्वाधान में इण्डिया लिटरेसी बोर्ड द्वारा संचालित जन शिक्षणसंस्थान लखनऊ (प्रायोजित कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा यूपीपीसीएल एवं यूपीएसआरटीसी कार्यशालाओं में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 220 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट गन्ना संस्थान सभागार डालीबाग लखनऊ में वितरित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय आर. भूसरेड्डी अपर मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना तथा आबकारी एवं अवैतनिक अध्यक्ष इण्डिया लिटरेसी बोर्ड ने प्रतिभागियों से कहा कि आप सब के अन्दर कोई न कोई एक हुनर अवश्य है, जिसे हम स्वयं पहचान कर एवं उसे तराश कर अपनी जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय में प्रयोग कर सकतें हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर आप यहीं न रूकें बल्कि आगे के लेवल को भी प्राप्त करें, जिसे आपके कौशल में और निखार आ सके। अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन एम देवराज ने यूपीपीसीएल के लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरित करते हुए आवाहन किया कि कौशल के साथ तकनीकी ज्ञान की आज के वातावरण में नितान्त आवश्यकता है। विद्युत के कार्यो को करते समय सुरक्षा, आकस्मिक दुर्घटना, प्राथमिक चिकित्सा तथा उपभोक्ता से संवाद भी अपने आप में एक स्किल है। आज यूपीपीसीएल द्वारा सुदुर ग्रामिण अचंलो से लेकर मैट्रो सिटी तक विद्युत वितरित की जा रही है।

> ● कौशल के साथ तकनीकी ज्ञान का समावेश होना जरूरी : एम देवराज




ऐसे में स्वयं सहायता समूहों से लेकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की कई मशीनरी कार्य कर रहीं है, जिससे आउटसोर्सिंग के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। आज ऐसे ही कुछ युवाओं को इण्डिया लिटरेसी बोर्ड की इकाई जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सराहनीय है। निदेशक इण्डिया लिटरेसी बोर्ड संन्ध्या तिवारी आईएएस सेवानिवृत्त ने उपस्थित अतिथियों एवं अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जी.20 जन भागेदारी अभियान के अर्न्तगत 01 जून से 15 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों को मनाया जा रहा है। ऐसे में हम सब के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। इण्डिया लिटरेसी बोर्ड एवं इसकी इकाई जन शिक्षण संस्थान द्वारा आगे भी एनएसक्यूएफ लेवल-3 या इससे ऊपर के प्रमाण पत्रों हेतु सभी लाभार्थियों का मार्गदर्शन करेगी। सुश्री तिवारी ने उपस्थित लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के उपरान्त आप अवश्य ही अपने जीवन को और समृद्ध बना सकेंगे। निदेशक जन शिक्षण संस्थान सौरभ कुमार खरे ने उपस्थिति अतिथियों एवं लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।